भारत स्काउट एवं गाइड मध्यप्रदेश

राज्य मुख्यालय
शांति मार्ग, श्यामला हिल्स, भोपाल म.प्र.
Website:bsgmp.net E_mail: Scoutguide_bpl@dataone.in/bsgmadhyapradesh@gmail.com Phone:2737446, 2661263

क्रमांक/ 6298 /रा.मु./नि./2012 भोपाल, दिनांक 01-12-12

प्रति,

समस्त सम्मानीय साधारण सदस्य,
भारत स्काउट एवं गाइड मध्यप्रदेश
राज्य संघ ।

यह अधिसूचना प्रकाशित की जा रही है कि राज्य कार्यकारिणी की बैठक दिनांक **01.12.2012** एवं **ए.पी.आर.ओ. रूल्स** बुक के संस्करण जो **18.10.2005** को राष्ट्रीय परिषद द्वारा अनुमोदित है के **चैप्टर 03** स्टेट एसोसिएशन की धारा **45 (25)** के अन्तर्गत राज्य परिषद के लिए **साधारण** सदस्यों को अपने संवर्ग में चुने हुए प्रतिनिधि भेजने हेतु निर्वाचन किया जाना है । इस कार्य के लिए राज्य संघ के साधारण सदस्यों द्वारा मतदान **दिनांक 13.12.2012 वार–गुरूवार** प्रातः 11.00 बजे से सायंकाल 03.00 बजे तक राज्य मुख्यालय, भारत स्काउट एवं गाइड मध्यप्रदेश, राज्य परिवहन नगर बस डिपो के पास, श्यामला हिल्स, भोपाल में होगा ।

चैप्टर 03 स्टेट एसोसिएशन की धारा **45 (25) के** अनुसार 10 प्रतिनिधि पर 01 सदस्य किंतु अधिकतम 10 सदस्य का चुनाव करना है जिसमें कम से कम **एक महिला प्रतिनिधि** आवश्यक होगी ।

इस चुनाव का तिथिवार कार्यक्रम इस प्रकार है

1. **संलग्न निर्धारित नामांकन पत्र राज्य मुख्यालय में प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि–07.12.2012 दिन शुक्रवार समय अपरान्ह 02.00 बजे तक ।**
2. **नामांकन प्रपत्रों की जाँच दिनांक 07.12.2012 दिन शुक्रवार । अपरान्ह 02.00 बजे से 03.00 बजे तक**
3. **वैध नामांकन प्रकाशित करने की तिथि 07.12.2012 दिन शुक्रवार । सांय. 05.00 बजे जाँच के पश्चात् ।**
4. **नामांकन वापस लेने की अंतिम तिथि 10.12.2012 दिन सोमवार दोपहर. 03.00 बजे तक।**
5. **चुनाव यदि आवश्यक हुआ तो मतदान की तिथि 13.12.2012 दिन गुरूवार समय प्रातः 11.00 बजे.से सायं 03.00 बजे तक ।**

दिनांक 13.12.2012 वार–गुरूवार को मतदान स्थल **राज्य मुख्यालय, भोपाल** रहेगा तथा परिणाम मतदान के तुरंत पश्चात् मतगणना कर घोषित कर दिया जावेगा ।

नामांकन निर्धारित प्रपत्र में ही भरकर भेजे जावे । नामांकन पत्र रजिस्टर्ड डाक से अथवा व्यक्तिगत रूप से जिसमें लिफाफे के ऊपर **"नामांकन पत्र साधारण सदस्य प्रतिनिधि"** लिख कर भेजा जाना आवश्यक है । डाक में खोए या विलंब से प्राप्त हुए नामांकन पत्रों का दायित्व इस कार्यालय का नहीं होगा । नामांकन लिफाफे **राज्य सचिव एवं निर्वाचन अधिकारी, भारत स्काउट एवं गाइड मध्यप्रदेश, राज्य मुख्यालय, राज्य परिवहन नगर डिपो के पास, श्यामला हिल्स रोड, भोपाल** के नाम से भेजे जावें । व्यक्तिगत नामांकन पत्र का लिफाफा देने की स्थिति में रसीद प्राप्त करना स्वयं का उत्तरदायित्व होगा । वैद्य नामांकन पत्रों की सूची कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर चस्पा की जावेगी । इसके लिये अलग से पत्र व्यवहार नहीं किया जावेगा एवं मतदान के समय मतपत्र प्राप्त करने हेतु राज्य मुख्यालय द्वारा जारी **परिचय पत्र** दिखाना आवश्यक होगा । अतः यदि किसी के पास परिचय पत्र नहीं है तो वह राज्य मुख्यालय में तुरंत दो थंब साईज फोटो भेजकर निःशुल्क परिचय पत्र प्राप्त कर लेवें । यह सदस्य का व्यक्तिगत उत्तरदायित्व होगा। व्यक्तिशः मतदाता सूची रूपया 50/–शुल्क अदा कर निर्वाचन अधिकारी से प्राप्त की जा सकती है ।

नोट :–सदस्यता सूची अवलोकन हेतु–

कार्यालयीन पटल पर चस्पा है ।

(जीं. आर. शर्मा)
निर्वाचन अधिकारी
एवं
राज्य सचिव

E:\DSK_TOP\MISCELLANEOUS\ELECTION\ELECTION 2012\ELECTION-2012.DOC /M.Sharma